>

Title: Need to develop tourist or pilgrimage sites in Satna district, Madhya Pradesh-laid.

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में नमभूमि स्वास्थ्य कार्ड, नमभूमि मित्र का गठन और संकेन्द्रित प्रबन्धन योजना को नमामि गंगे कार्यक्रम में शामिल किया गया है । राष्ट्रीय आद्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम के तहत नर्मदा नदी की तटवर्ती नमभूमियों पर पर्यटन और तीर्थ स्थल का विकास किया जाना है । मेरा आग्रह है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना जिले में कई नमभूमि चिन्हित की गई हैं, सतना जिले में चित्रकूट और मैहर के आसपास स्थित टमस बराज बांध, बांणसागर बांध, गोविन्दगढ़ तालाब, मुकुन्दपुर तालाब, विष्णु सागर, धर्म सागर, सेमरावल नदी, टमस नदी, मन्दाकिनी नदी की तटवर्ती नमभूमि पर पर्यटन या तीर्थ स्थल विकसित किए जाएं ।